उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, पीएसी प्लाटून कमाण्डर एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती–2020–21

———

विशेष अपील संख्याः 651 / 2026 में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित निर्णय / आदेश दिनांकित 01–09–2026 (सम्बन्धित रिट याचिका ए–संख्याः 11427 / 2022 में पारित आदेश दिनांकित 29–08–2025) के क्रम में याचीगण / अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा / शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा(पीईटी) के आयोजन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन

———

संख्याः–पीआरपीबी–आर–960 / 2026 दिनांक– अक्टूबर 27 ,2026

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, पीएसी प्लाटून कमाण्डर एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती–2020–21 के सम्बन्ध में विशेष अपील संख्याः 651 / 2026 में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित निर्णय / आदेश दिनांकित 01–09–2026 (सम्बन्धित रिट याचिका ए–संख्याः 11427 / 2022 में पारित आदेश दिनांकित 29–08–2025) के क्रम में उक्त रिट याचिका / अपील से आच्छादित याचीगण / अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा / शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) का आयोजन **दिनांक 02–11–2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ में तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दिनांक 05–11–2026 को 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में आयोजित की जायेगी।**

2– **मा0 उच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्णय से आच्छादित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अभिलेखों की संवीक्षा / शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी / पीएसटी) में प्रतिभाग हेतु दिनांक 02–11–2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, लखनऊ में प्रातः 08:00 बजे प्रवेश पत्र** एवं प्रवेश पत्र में **"अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश"** के अन्तर्गत अपेक्षित मूल अभिलेख / प्रमाणित छाया प्रति / फोटोग्राफ आदि के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पर प्रेषित किये जा रहे है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पंजीकृत ई–मेल अकाउंट सक्रिय रखे।

3– **डीवी / पीएसटी की कार्यवाही में सफल होने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 05–11–2026 को 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में प्रातः 6:00 बजे आयोजित की जायेगी। जो अभ्यर्थी पूर्व में डीवी / पीएसटी में अर्ह पाये गये है उनकी भी शारीरिक दक्षता परीक्षा की कार्यवाही दिनांक 05–11–2026 को 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ में प्रातः 6:00 बजे आयोजित की जायेगी।** शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों के पंजीकृत ई–मेल आईडी पर प्रेषित किये किये जायेगे। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोन करने में कठिनाई होती है तो वह दूरभाष संख्या–0522–2235752 /ई–मेल– sampark@uppbpb.gov.in पर सम्पर्क कर सकता है।

4– मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डीवी / पीएसटी एवं पीईटी में आहूत किये जा रहे याचीगण / अभ्यर्थियों के निर्धारित तिथि / समय / स्थान पर प्रतिभाग न करने की दशा में उन्हें अन्य कोई अवसर अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

अपर सचिव (भर्ती) / परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।